# जिला प्रभारी मंत्री ने शहर में जलभराव वाले स्थानों का किया निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने गुरूवार को शहर में जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण कर जिला प्रशासन द्वारा पानी निकासी के लिये की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अतिरिक्त संसाधन बढाने के निर्देश दिये। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिला प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट से राजेन्द्र नगर, जवाहर नगर, कृष्णा कॉलोनी में जल भराव एवं नालों में पानी निकासी के लिये किये जा रहे प्रबन्धों का निरीक्षण कर आमजन से फीडबैक भी लिया। उन्होंने सुजान गंगा नहर पहुँचकर आसपास के मंदिरों में एकत्रित पानी का निरीक्षण कर आमजन से पानी की आवक के साथ निकासी के रियासतकालीन स्त्रोतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने नहर के चारों तरफ पानी की आवक स्त्रोतों का भी अवलोकन किया तथा जिला प्रशासन द्वारा केतन गेट के पास से परम्परागत जल निकासी नाले से दो ट्रैक्टर लगाकर पानी निकासी के किये जा रहे प्रबन्ध को देखा। उन्होंने पानी की आवक की मात्रा को देखते हुये पानी निकासी के आगे मार्ग को जेसीबी से साफ करवाकर गति बढाने के निर्देश दिये। जिला प्रभारी मंत्री ने इस दौरान आदर्श नगर, चांदपोल गेट, मुखर्जी नगर, अनाज मंडी, कुम्हेर गेट, हीरादास, काली बगीची, शीशम तिराहा एवं सारस तिराहा होते हुये सर्किट हाउस तक के रास्तों की स्थिति व जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण कर जिला कलक्टर व संबंधित अधिकारियों को पानी निकासी हेतु उपयुक्त इंतजाम करने एवं आमजन की हरसम्भव सहायता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि लगातार वर्षा होने से एकत्रित जल में लार्वा पैदा होने की संभावना अधिक हो जाती है जिससे कि मच्छरजनित बीमारियों के बढने की संभावना भी बढ जाती है, ऐसे में स्वास्थ्य अधिकारी पर्याप्त दवा भण्डार के साथ चिकित्सकीय व्यवस्थाऐं दुरूस्त रखें। अत्यधिक जलभराव वाले स्थानों से पानी निकासी के लिए जेसीबी लगाकर पानी निकासी करवाने, सुजान गंगा नहर में ओवरफ्लो की स्थिति के कारण मंशा देवी मंदिर, खाटू श्याम मंदिर सहित आसपास के मंदिरों व कॉलोनियों में भरे हुए पानी निकासी के लिए निकासी गेटों की जेसीबी से सफाई करवा कर पंपसेट से पानी लिफ्ट करवाने के निर्देश दिए।


जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने गुरूवार को शहर में जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुये।

- जल संसाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने गुरूवार को शहर में जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण कर जिला प्रशासन द्वारा पानी निकासी के लिये की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अतिरिक्त संसाधन बढाने के निर्देश दिये।
- नहर के चारों तरफ पानी की आवक स्त्रोतों का भी अवलोकन किया तथा जिला प्रशासन द्वारा केतन गेट के पास से परम्परागत जल निकासी नाले से दो ट्रैक्टर लगाकर पानी निकासी के किये जा रहे प्रबन्ध को देखा

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन

**नदबई ( निस )।** पंचायत समिति के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा की अध्यक्षता में किया गया। उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में बिजली, पानी, अतिक्रमण, पेंशन सहित विभिन्न समस्या लेकर लोग पहुंचे। उपखंड अधिकारी गंगाधर मीणा ने बताया कि जनसुनवाई में कुल 9 परिवाद प्राप्त हुए। वहीं उपखंड अधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या समाधान के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने बताया कि उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सफाई व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित समस्याएं लोगों ने अवगत कराई।

साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति अगर अपनी समस्या लेकर आता है, तो उस समस्या का मौके पर समाधान करने का प्रयास करें, जिससे लोगों को समस्याओं के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

इस मौके पर तहसीलदार कैलाश गौतम, नायब तहसीलदार दीपा यादव, विद्युत विभाग सहायक अभियंता शिव सिंह मीणा, पीडब्ल्यूडी विभाग सहायक अभियंता आशा बोहरा, सीबीईओ सुरेश भातरा, जलदाय विभाग सहायक अभियंता मनोज चौधरी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया



**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव ने लगातार वर्षा एवं पानी भराव के स्थिति को देखते हुए नगर निगम एवं नगर विकास न्यास के अधिकारियों के साथ शहर का भ्रमण कर पानी निकासी के पुख्ता इंतजामत करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने गोपालपुरा नहर पर सीएफसीएटी के बंद पड़े कार्य से प्रभावित हो रही पानी निकासी के लिए जेसीबी लगाकर पानी निकासी करवाने, सुजान गंगा नहर में ओवरफ्लोर की स्थिति के कारण आसपास मंदिरों में भरे हुए पानी निकासी के लिए निकासी गेटों की जेसीबी से सफाई करवा कर पंपसेट से पानी लिफ्ट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चांदपोल गेट के पास सीएफसीडी के नाले में पानी निकासी के लिए अतिरिक्त संसाधन लगाने, शहर में जगह-जगह सड़कों, पार्को, आवासीय क्षेत्र में जल भराव के निकासी के लिए अतिरिक्त पंपसेट लगाकर शीघ्र व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान सचिव यूआईटी ऋषभ मंडल, उपखंड अधिकारी राजीव शर्मा, नगर निगम के अधिशासी अभियंता विनोद चौहान सहित नगर निगम, नगर विकास न्यास के अभियंता गण उपस्थित रहे।

### पोषण प्रदर्शनी लगाकर दिया संदेश

**करौली( नि.स. )।** बाल विकास परियोजना अधिकारी करौली के सेक्टर सायपुर में पोषण अभियान में सीडीपीओ सत्यप्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में पोषण अभियान में पोषण युक्त आहार की प्रदर्शनी लगाकर व पोषण रैली निकाल कर जन समुदाय को पोषण माह का संदेश दिया गया। सीडीपीओ द्वारा बताया गया है कि हमें अपने लाभार्थियों को स्थानीय आहार व मौसमी फल व पोषाहार से विभिन्न प्रकार की रैसिपी बनाकर सेवन करने हेतु परामर्श दिया गया। पोषण अभियान में सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका द्वारा पोषण युक्त आहार की प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें हरी सब्जियां व मौसमी फल व मोटा अनाज और प्रोटीन युक्त दालें की प्रदर्शनी लगाई गई और इसके महत्व के बारे में जनसमुदाय को जागरूक किया गया। एक गर्भवती महिला की गोद भराई रस्म की गई। इस मौके पर महिला सुपरवाइजर शिमला गुप्ता व वात्सल्य टीम से जफर अली व कुलवंत सिंह व सीएमएफ से सोहेल खान जी मौजूद रहें।

### सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आज

**करौली ( नि.स. )।** भाजपा करौली के सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अशोक सिंह धाभाई ने बताया कि आज शुक्रवार को प्रातः 10:00 बजे भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती अलका गुर्जर एवं राष्ट्रीय सचिव एवं सदस्यता अभियान राजस्थान के प्रभारी ऋतुराज सिन्हा, प्रदेश उपाध्यक्ष,मोतीलाल मीणा,प्रदेश मंत्री अजीत मॉडल,भरतपुर संभाग के प्रभारी हेमराज मीणा एवं सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी राकेश फौजदार सदस्यता अभियान को लेकर करौली जिले के पदाधिकारीयों के साथ बैठक करेंगे। उन्होने बताया कि बैठक मे करौली जिला संगठन के प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया उपस्थित रहेंगे वही पूर्व सांसद,सांसद प्रत्याशी, विधायक,पूर्व विधायक,जिला अध्यक्ष,पूर्व जिला अध्यक्ष,जिला पदाधिकारी,पूर्व जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के जिला अध्यक्ष,सदस्यता अभियान के करौली जिले के टोली के सभी सदस्य ,सभी मंडल अध्यक्ष,नगर परिषद सभापति,पूर्व सभापति,नगर परिषद पार्षद,जिला परिषद सदस्य,प्रधान,पूर्व प्रधान बैठक में भाग लेंगे।

### हन्दी दिवस का आयोजन 14 को

**करौली( नि.स. )।** जिला पुस्तकालयाध्यक्ष रामनिवास मीना ने बताया कि राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में 14 सितम्बर को दोपहर 12:00 बजे हिन्दी दिवस का आयोजन किया जावेगा। उन्होने बताया कि इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्र- छात्राओं एवं आमजन में हिन्दी के प्रति सम्मान एवं दैनिक व्यवहार में हिन्दी प्रयोग के प्रति प्रेरणा एवं उत्साह के संचार की दृष्टि से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किसा जायेगा, जिसमें हिन्दी से संबंधित विचार गोष्ठी, निबन्ध लेखन, काव्यगोष्ठी, वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जिसमें साहित्यकार, हिन्दी भाषा के ज्ञाता एवं प्रबुद्धजन आमंत्रित है।

### समीक्षा बैठक आज

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने एक पत्र जारी कर बताया कि धीरेन्द्र कुमार वाल्मिकि सदस्य, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना केन्द्रीय सलाहकार समिति, भारत सरकार की अध्यक्षता मे प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना व अन्य बिन्दुओं के संबंध में आज शुक्रवार को प्रातः 10:15 बजे सर्किट हाउस करौली में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिये गये है।

### रात्रि चैपाल का आयोजन 18 को

**करौली ( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने बताया कि विभागीय विकास कार्य एवं योजनाओं के संबंध में संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में 18 सितम्बर को समीक्षा बैठक की जायेगी। बैठक के उपरान्त दोपहर 2:30 बजे जिला स्तरीय जनसुनवाई में जनसमस्याए सुनकर उनका निस्तारण किया जायेगा।

## पानी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

**धौलपुर, ( निसं )।** कोतवाली थाना क्षेत्र धौलपुर के बीछिया के गांव के पास डाबरीपुरा टापू पर बुधवार देर रात को 13 लोग फंस गए। सभी लोग पशु चराने के लिए गए हुए थे, जो लौटते समय बारिश की वजह से हुए जल भराव के बीच टापू पर ही फंस गए। रात करीब 10 बजे प्रशासन को लोगों की फंसने की सूचना मिली, जिसके बाद स्वयं धौलपुर एसडीएम डॉ. साधना शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंची, जिन्होंने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को रात को ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

- पानी में फंसे 21 ग्रामीणों को प्रशासन व रेस्क्यू टीम ने निकाला

मौके पर पहुंची एसडीएम डॉ. साधना शर्मा और कोतवाली थाना प्रभारी प्रमेंद्र रावत के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम ने रस्सा डालकर टापू पर फंसे सभी लोगों को रात करीब साढ़े 12 बजे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

वहीं गुरुवार को सांगोरी खिडौरा गांव के टापू पर कुछ ग्रामीणों के फंसे होने की सूचना पर रेस्क्यू टीम प्रभारी 9 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ दोहपर घटनास्थल पर पहुंचे।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से टापू बने मकान पर पहुंची उसके बाद टीम ने टापू बने मकान में फंसे आठ ग्रामीणों को लाइफ जैकेट पहनाकर मोटरबोट की सहायता से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

## नगरपरिषद प्रशासन ने अवैध मीट शॉप व बूचड़खानो को किया सीज

**करौली (नि.स.) ।** करौली जिला मुख्यालय पर अवैध रूप से संचालित बूचड़खाने और मीट दुकानों को लेकर भाजपा नेता अ'ोक पाठक कि ओर से कि गई 'िकायत के बाद नगर परिषद के कार्मिकों ने आकस्मिक छापा मारकर जांच पड़ताल कि इस दौरान बिना लाइसेंस के संचालित होने वाली अवैध मीट की दुकानों और बूचड़खानों को सीज करने की कार्यवाही कि गई। ज्ञात रहे कि भाजपा के वरिष्ठ नेता व आरटीआई कार्यकर्ता अ'ोक पाठक द्वारा गत दिनो प्रेस वार्ता कर जिला मुख्यालय पर करीब तीन दर्जन से अधिक बूचडखाने व मीट कि दुकान संचालित होने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर सख्त कार्यवाही कि मांग कि जिस पर जिला कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद को कार्यवाही के निर्दे'ा दिये जिस पर नगर परिषद द्वारा 9 सितंबर को करीब 28 बूचडखाने व मीट शॉप संचालको को नोटिस देकर पाबंद किया गया गुरूवार को नगर परिषद आयुक्त करणी सिंह ने नगर परिषद कार्मिकों कार्यालय सहायक बृजभूषण शर्मा, फायर प्रभारी लोके'ा कुमार मीना, सहायक कर्मचारी अनिल कुमार और होमगार्ड के जवान एवं पुलिस टीम के साथ गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मीट दुकानों और बूचड़खानों पर छापा मारा।


करौली नगर परिषद प्रशासन ने अवैध रूप से संचालित बूचडखानो को सीज करने कि कार्यवाही की।

## एक कॉल से 9 माह बाद मिला बालक

**करौली( नि.स. )।** फिरोजाबाद के एक लापता बेटे को ढूंढने में उत्तर प्रदेश पुलिस भी फैल हो गई मगर एक कॉल से 9 महीने बाद मिला बालक खुशी में फूट-फूट कर रोइ माँ और बहन। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद की एक मां को अपना लापता बेटा और एक बहन को 9 महीने से लापता चल रहा उसका भाई राजस्थान के करौली में सही सलामत मिला तो दोनों ही अपनी खुशी के आंसू नहीं रोक पाई. इस भावुक पल को देखकर एक बार हर कोई भावुक हो उठा दरअसल फिरोजाबाद का रहने वाला आकाश 9 महीना से अपने घर से लापता था. वह घर से बिना बताए निकल गया था. आकाश की मां और उसकी बहन ने उसकी गुमशुदगी कि रिपोर्ट भी फिरोजाबाद थाने में लिखवाई. लेकिन पुलिस भी आकाश को नहीं ढूंढ पाई. कई महीने आकाश कि याद में यूं ही गुजरते रहे. लेकिन उसका कोई भी सुराग महीनों तक नहीं लगा. इसके बाद आकाश की मां और बड़ी बहन का उसके बिना जीना मुश्किल सा हो गया लगभग 9 महीना के बाद फिरोजाबाद के परिवार के लिए एक दिन इतना अच्छा आया कि एक कॉल के जरिए उन्हें पता लगा कि आकाश सही सलामत है. और वह राजस्थान के करौली में है. इसके बाद फिरोजाबाद की यह मां और बहन दोनों सीधे करौली के लिए रवाना हो गए. जैसे से ही उन्हें अपना खोया हुआ बेटा करौली के काव्या सेवा संस्थान में सही सलामत मिला तो दोनों अपने आप को आकाश को गले लगाने से नहीं रोक पाई. सबसे खास बात तो यह है कि जिस दिन आकाश अपनी मां और बड़ी बहन को मिला ठीक उसी दिन उसका जन्मदिन भी था फिरोजाबाद की रहने वाली तनु शर्मा ने बताया कि उनका छोटा भाई आकाश पिता कि मौत के बाद 13 वें दिन 1 नवंबर 2023 को घर से बिना बताए निकल गया था. हमने सोचा शायद वह अपने किसी दोस्त के पास गया होगा. लेकिन दो-तीन दिन तक जब वह घर नहीं लौटा तो हमें टेंशन हुई. इसके बाद हमने फिरोजाबाद थाने में आकाश के लापता होने की भी रिपोर्ट भी लिखाई इसके गुमशुदा होने के पोस्टर भी लगवाएं. लेकिन आकाश का कुछ भी अता-पता नहीं लगा. कई महीने गुजरने के बाद पुलिस ने भी हमें यही बताया कि आकाश घर से ऐसे ही निकल गया है तो वह खुद ही लौट आएगा. ऐसे ही ढूंढने से कोई फायदा नहीं. जब वह घर आ जाए तो हमें भी सूचना पहुंचा देना. इस सब के बाद तो मैं और मेरी मां पहले बीमारी से पिता कि मौत और बाद में भाई के खो जानें से एकदम टूट गए. करौली में निशक्तजनों और असहाय लोगों की सेवा के लिए संचालित काव्या सेवा संस्थान के संस्थापक पुष्पेंद्र लावानिया ने बताया कि किसी की सूचना के जरिए आकाश उन्हें करौली के हिंडौन गेट के पास कचरे की ढेर पर मानसिक प्रताड़ित रूप में मिला था. उस वक्त आकाश की हालत भी काफी गंभीर थी उसके एक पैर में भी गंभीर चोट भी आई हुई थी. इसके बाद सबसे पहले उसे काव्या सेवा संस्थान लाया गया और लगभग 2 महीने तक उसके पैर की चोट का इलाज भी सामान्य चिकित्सालय में चला अब बालक को उसकी मॉ0 और बहिन के सुपुर्द कर दिया है।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**करौली( नि.स. )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर की ओर से विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विशेष योग्यजन के लिए पूर्ण रूप से समर्पित विधिक जागृति के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जिला,संभाग एवं राज्य स्तर पर सामुहिक व एकल विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन सभी स्पेशल विद्यालयों सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के 08 वर्ष कि आयु से 18 वर्ष की आयु या मानसिक मदता में 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष रूप से सक्षमजन को सम्मिलित करते हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कि सचिव ने बताया कि सुविधा कि दृष्टि से विशेष योग्यताओं को मुख्यतः चार वर्गों शारिरिक दिव्यांगता,दृश्य एवं श्रव्य दिव्यांगता,बौद्धिक दिव्यांगता तथा अन्य में विभाजित किया गया है। जिनके अनुसार खो-खो,कबड्डी,दौड़, बेडमिंटन, लूडो, केरम बोर्ड, कुर्सी दौड़, बास्केट बाल,पेंटिंग,लम्बी कूद,ऊँची कूद,डांस,मेहंदी आदि विभिन्न खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जावेगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक विशेष योग्यजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन को लेकर कमेटियों का गठन

**हिंडौन सिटी ।** माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर से करौली जिले को आवंटित 68 वीं राज्य स्तरीय हैंडबॉल 17/19 छात्रा वर्ग खेल कूद प्रतियोगिता की जिम्मेदारी महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय श्री महावीर जी को सोपी गई है। जिसकी तैयारी को लेकर गुरुवार को आयोजित हुई बैठक में कमेटी का गठन किया गया और सभी को जिम्मेदारियां सौंप गई।

प्रतियोगिता की संयुक्त संचालन सचिव एवं प्रधानाचार्य श्रीमती मुकुट कुमारी गुर्जर व वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा व नरेंद्र बाबा ने बताया 26 सितंबर से आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 50 जिलों की 17/19 वर्ष हैंडबॉल की 104 टीमों के 1664 छात्रा खिलाड़ी भाग लेगी । प्रतियोगिता पूर्व तैयारी को लेकर प्राचार्य डाइट पुष्पेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई । प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए दिशा निर्देश दिए । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मीणा , उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा मानसिंह मीणा , प्रारंभिक शिक्षा के पूर्व खेलकूद प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य अशोक अरोड़ा, प्रकाश ,अमर सिंह जाटव, लकी शर्मा, व्याख्याता शारीरिक शिक्षा मुरारी लाल शाक्यवाल, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक महेंद्र शर्मा, शारीरिक शिक्षक देवी सहाय शर्मा, वीरेंद्र सिंह राजाबत, वेद रत्न जैमनी ,महेंद्र गौतम,भगत सिंह बेनीवाल, अटल भारद्वाज योगेंद्र सिंह, सुनील यादव, उप प्राचार्य दिनेश चंद मीणा, वरिष्ठ पुस्तकालय अध्यक्ष रामकेश मीणा एवं समस्त एस डी एम सी सदस्यों, श्री महावीर जी सरपंच प्रतिनिधि यादराम गुर्जर , अकबरपुर सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह गुर्जर , कृपा बाबा एकेडमी के संचालक एवं अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी दिनेश गुर्जर इसी एकेडमी के अजीत सिंह गुर्जर एवम समस्त निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए अपने सुझाव दिए ।।पूर्व की मीटिंग में लिए गए प्रस्तावो पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया ।राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं में आवास व्यवस्था ,यात्री निवास व कमलाबाई आश्रम छात्रावास दो जगह रखी गई है । प्रतियोगिता दो स्थानों पर 8 खेल मैदानो पर आयोजित होगी । इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, उद्घाटन व समापन स्थल का चयन , खेल संचालन समिति , खिलाड़ियों के पंजीयन की व्यवस्था, चिकित्सा एवं अनुशासन व्यवस्था ,भोजन एवं अल्पाहार की व्यवस्था, निर्णायक व्यवस्था, खिलाड़ियों के पुरस्कार एवं प्रमाण पत्रों की व्यवस्था, मंच संचालन और स्मारिका प्रकाशन की व्यवस्था के संबंध में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया , प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अलग-अलग समितियां का गठन कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई है । प्रधानाचार्य मुकट गुर्जर एवं गठित कमेटी ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पूर्व व्यवस्थाओं को लेकर विकास अधिकारी श्री महावीर जी ज्ञान सिंह बेनीवाल से सहयोग की अपील की । विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें सरपंच एवं ग्राम विकास अधिकारियों ने व्यवस्था व अन्य सहयोग देने का वादा किया ।


प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित हुई।

## किसानो की मुआवजे की माँग

**हलैना नदबई** (निस)। खरीफ की फसलों में भारी अतिवृष्टि के कारण किसानों की बाजरे, ज्वार, तिलहन की बर्बाद हुई फसलों की शीघ्र गिरदावरी कराकर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की माँग को लेकर किसान नेता इन्दल सिंह जाट के नेतृत्व में आज कस्वा हलैना में उप तहसील में क्षेत्र के दर्जनों गाँवों के जुटे सैकड़ों किसानों ने नायव तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। क्षेत्र में पिछले कई दिनों से हो रही तेज हवाओं के साथ अधिक वर्षा के कारण किसानों की तैयार खड़ी बाजरे, ज्वार, तिलहन की फसलें चौपट हो गई है, फसल जमीन पर गिर गई है और पानी में डूब चुकी है। बर्बाद फसल के कारण किसानों की चिन्ता बढ गई है जिसके कारण आगे पशुओं के चारे और अनाज का संकट पैदा हो जायेगा। ग्राम हलैना, खेड़ली गुर्जर, पाली, सरसैना, भूतौली जहानपुर मूड़िया जाट, नगला हरसुख, नैवाड़ा, बिजवारी, आमौली झालाटाला, मौलोनी, बारा, हिसामड़ा, ताजपुर, मूड़िया साद, बाई, ललिता मूड़िया, गंधार, वेरी, हतिज, न्यामदपुर, घरसौनी, अजीत नगर, गाँगरौली, नशवारा, नयागाँव, रामनगर आदी गाँवों में खरीफ की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ज्ञापन देने आये किसानों में किसान नेता इन्दल सिंह जाट, माली सैनी समाज के संयोजक मुरारी लाल सैनी, पूर्व सरपंच त्रिलोकी नाथ शर्मा, जहानपुर के सरपंच हरेन्द्र सिंह, डायरेक्टर संजय गुप्ता, तहसील में इकटठे होकर नायव तहसीलदार अजय मधुकर को राज्य के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया और मुआवजे की माँग रखी।

## भरतपुर कलेक्टर डॉ. अमित यादव का फोटो लगाकर बनाई फर्जी आईडी




**भरतपुर ( निस )।** जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव का फोटो लगाकर श्रीलंका के नंबर से व्हाट्सएप पर फर्जी आईडी बनाकर साथी अधिकारियों को मैसेज करने का मामला सामने आया है।

जिला कलेक्टर के संज्ञान में जैसे ही मामला आया तो उन्होंने तुरंत ही जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी है। इसके अलावा अन्य साथी अधिकारियों को सूचित किया है कि अगर मेरे नाम से ऐसा कोई मैसेज आता है तो सीधे साइबर सेल को अवगत कराए। शिकायत के बाद साइबर सेल नंबर की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक जिला कलेक्टर डॉक्टर अमित यादव के नाम से व्हाट्सएप पर 94757911226 मोबाइल नंबर से फर्जी आईडी बनाकर फोटो लगाया गया है।

इसके साथ ही विभागीय अधिकारियों को मैसेज किए गए है। जब अनजान नंबर से अधिकारियों के पास मैसेज गए तो उन्होंने जिला कलेक्टर को अवगत कराया। मैसेज में अधिकांश तौर पर यही लिखा गया है। आप कैसे हैं और आप इस समय कहाँ हैं। इसकी जानकारी जिला कलेक्टर को जैसे ही हुई तो उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा को लिखित में शिकायत दी। जिला कलेक्टर ने अन्य अधिकारियों को सूचित करते हुए कहा है कि मेरे नाम से इस प्रकार का कोई आगे से मैसेज आता है तो उसकी शिकायत तुरंत साइबर सेल पर करे। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने बताया कि जिला कलेक्टर की ओर से शिकायत दी गई है और जिस नंबर से मैसेज किए गए हैं उस नंबर की जांच की जा रही है। हालांकि यह नंबर श्रीलंका का है जांच के बाद ही पता चल सकेगा यह मैसेज कहां से किए गए हैं और किसने किए है। हालांकि इस प्रकार की हरकतें डीग जिले के मेवात क्षेत्र के साइबर ठगों के द्वारा की जाती हैं।

इनके द्वारा कई किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति, खिलाड़ी, अभिनेता, राजनेता के साथ आईएएस और आईपीएस के नाम से फर्जी फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी की जाती रही है।